समीक्षा

खाद्यान्न वितरण व्यवस्था, स्टॉक पंजी एवं हितग्राहियों को नियमित आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा

# एसडीएम ने स्कूलों, उचित मूल्य दुकानों व निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**नवभारत, बैहर।** एसडीएम बैहर श्री अर्पित गुप्ता द्वारा 25 फरवरी को अनुभाग बैहर अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का विस्तृत क्षेत्र भ्रमण कर शासकीय संस्थाओं एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया।भ्रमण के दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला घुम्मुर एवं मुरूम तथा एकीकृत माध्यमिक शाला धुनधुनवर्धा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विद्यालयों में संचालित मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति की जांच की गई।





निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री गुप्?ता ने संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पाथरी एवं घुम्मुर स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण कर उन्?होंने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था, स्टॉक पंजी एवं हितग्राहियों को नियमित आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को समय पर एवं निर्धारित मात्रा में राशन उपलब्ध कराया जाए। एसडीएम श्री गुप्ता ने घुम्मुर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया गया, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, दवाइयों के स्टॉक एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया।

एसडीएम श्री गुप्?ता ने ग्राम राशिमेटा से झकोरदा तक निर्माणाधीन सड़क कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता एवं प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित विभाग को कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम डाबरी में अवैध रूप से संचालित एक क्लिनिक की जांच भी की गई। संबंधित प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।एसडीएम श्री गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र में संचालित शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि आम नागरिकों को शासन की सुविधाओं का लाभ पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ मिल सके।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

## नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना



**नवभारत, बालाघाट।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 (शनिवार) को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय सहित समस्त तहसील न्यायालयों, श्रम न्यायालय एवं कुटुम्ब न्यायालय में किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित आपराधिक, विद्युत, चेक डिसऑनर, दीवानी एवं शमनीय प्रकरणों के अतिरिक्त बैंक, श्रम, दूरसंचार, राजस्व, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन मामलों का भी निराकरण किया जाएगा।

नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए न्यायाधीश/अध्यक्ष श्री प्राण द्वारा 25 फरवरी को जिला न्यायालय परिसर से प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस वाहन के माध्यम से लोक अदालत से संबंधित जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

न्यायाधीश श्री प्राण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम के लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों तथा म.प्र. नगरपालिका अधिनियम के अंतर्गत अधिरोपित संपत्ति कर एवं जलकर से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं को नियमानुसार छूट प्रदान की जा रही है। इन लाभों की जानकारी प्रचार-प्रसार वाहन के माध्यम से आमजन तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में विवादों का अंतिम निराकरण किया जाता है। इसमें किसी पक्ष की हार नहीं होती, बल्कि दोनों पक्षों की जीत होती है। इससे समय और धन की बचत होती है तथा आपसी संबंधों में सौहार्द बना रहता है। लोक अदालत के निर्णय अंतिम होते हैं, जिनके विरुद्ध अपील या रिवीजन का प्रावधान नहीं है।

# 24 घंटे में वाहन चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत, बालाघाट।** थाना किरनापुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर वाहन चोरी की दो घटनाओं का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की गई कार और मोटरसाइकिल समेत अन्य वाहन भी बरामद किए हैं।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 एवं 24 फरवरी 2026 की मध्य रात्रि में थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से वाहन चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। ग्राम किरनापु में एक मकान के बाहर खड़ी टीवीएस स्टार सिटी मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी, जबकि ग्राम परसवाडा में घर के बाहर खड़ी मारुति इको कार अज्ञात चोर ले गए थे।

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो विधि-विरुद्ध बालकों को अभिरक्षा में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बृजेश धुर्वे (28) निवासी वार्ड क्रमांक 27 प्रेमनगर बालाघाट तथा अक्षय उर्फ प्रिंस वर्मा (21) निवासी वार्ड क्रमांक 19 प्रेमनगर बालाघाट के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई एक मारुति इको कार और एक टीवीएस मोटरसाइकिल जब्त की गई है। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त एक डिजायर कार और एक पल्सर मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद की है।

पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच जारी है।

# कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का समापन

**नवभारत, बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ एवं शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी कार्यक्रम का समापन 25 फरवरी को किया गया। संगोष्ठी का विषय 'भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयाम' रहा। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



द्वितीय दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत भारतीय परंपरा अनुसार पुष्पगुच्छ, बैज, श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। आयोजन सचिव डॉ. स्वाति खोब्रागडे ने संगोष्ठी की विषयवस्तु पर प्रकाश डालते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता डॉ. अरूणा पलटा, भूतपूर्व कुलगुरू, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने 'भारतीय ज्ञान परंपरा में गृह विज्ञान' विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। वहीं द्वितीय विषय विशेषज्ञ डॉ. शैलेन्द्र कुमार भारल, डीन प्राध्यापक (वाणिज्य संकाय), सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय ने 'भारतीय ज्ञान परंपरा, वाणिज्य विज्ञान एवं विकसित भारत' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. दीपरत्ना मासुलकर ने 'बुद्ध द्वारा दी गई मुद्राओं' पर प्रकाश डाला। डॉ. सुनील कुमार मासुलकर एवं प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर ने भी अपने उद्बोधन में भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता पर विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्राध्यापक डॉ. अरूण कुमार बोरकर ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन सुश्री प्रीति उइके एवं विजय कुमार तुरकर ने किया। भोजन अवकाश के पश्चात आयोजित तकनीकी सत्र में विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। समापन समारोह में श्रीमती दीप्ति गढ़पाले ने आभार प्रदर्शन किया।

संगोष्ठी के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं श्री अन्न प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसे प्रतिभागियों ने सराहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के वरिष्ठ एवं सहायक प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों, कार्यालयीन एवं तकनीकी कर्मचारियों तथा छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

## 7 मार्च तक होगा किसानों का पंजीयन

**बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने एवं उन्हें बिचौलिये एवं दलालों के शोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्यल पर गेहूँ की खरीदी की व्यवस्था की गई है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 07 फरवरी से प्रारंभ कर दिया गया है, यह पंजीयन प्रक्रिया 07 मार्च 2026 तक चलेगी। 24 फरवरी तक जिले के 289 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए अपना पंजीयन करा लिया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने किसानों के पंजीयन के लिए 23 केंद्र निर्धारित कर दिये है। इसके साथ ही ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे में किसानो के पंजीयन का शुल्क 50 रुपए निर्धारित किया गया है।





# दिव्यांग बच्चों का उपकरण वितरण शिविर आयोजित

**नवभारत, परसवाड़ा।** 25 फरवरी को कार्यालय जनपद शिक्षा केंद्र परसवाड़ा, जिला बालाघाट में उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एलिमको दल द्वारा 60 चिन्हांकित बच्चों में से 52 को, दल के माध्यम से 69 उपकरण वितरित किए गए। जिसमें - हियरिंग एड. व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, सी पी चेयर, रोलेटर, सुगम्य केन. टी.एल.एम किट, ब्रेल किट, कैलिपर आदि उपकरण वितरित किए गए।

इस अवसर पर शिविर में श्रीष थानथरटिं ए.पी.सी. आई.ई डी. एलिमिको जबलपुर की टीम, ब्रक्र्र्स्ट महोदय श्री अरुण कुमार बिठले. श्री रोहित कुमार काच्छी कार्यवाहक ब्रक्र्र्स्ट. जनशिक्षक सर्व. एम.आर.सी. महेन्द्र घुले, श्रीमती माधुरी सहारे, अवतार बिसेन, श्री दिनेश राणा, उक्त सभी के अविस्मरणीय योगदान से उपकरण वितरण शिविर सफल रहा। जिसके लिए सभी दिव्यांग बच्चों पालकों एवं अधिकारियों का इस कार्यक्रम को सफल बनाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# आजाद के बलिदान को नमन : बालाघाट में माल्यार्पण और हट्टा में सुरों से दी जाएगी श्रद्धांजलि

**नवभारत, बालाघाट।** अपनी वीरता और स्वाभिमान से अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला देने वाले महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि 27 फरवरी को जिले में गौरवमयी ढंग से मनाई जाएगी। इस अवसर पर 'अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद' द्वारा शहर में श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे, वहीं ग्रामीण क्षेत्र हट्टा में देशभक्ति की सांस्कृतिक बयार बहेगी।



अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद (इकाई बालाघाट) के तत्वाधान में नगर के हनुमान चौक पर विशेष माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। संगठन के अध्यक्ष विकास हजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आजाद जी का जीवन हर भारतीय के लिए प्रेरणा का पुंज है।

उन्होंने कहा, 'चन्द्रशेखर आजाद जी ने जीते जी कभी गुलामी स्वीकार नहीं की, उनका बलिदान युवाओं में राष्ट्रवाद की भावना भरता है।' इस कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक दोपहर 2:00 बजे एकत्रित होकर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करेंगे। हट्टा में सजेगी 'एक शाम शहीदों के नाम' की महफिल।

शहीदों के सम्मान में ग्राम पंचायत हट्टा में एक अनूठी पहल की जा रही है। यहाँ शाम 7:00 बजे से 'एक शाम शहीदों के नाम' संगीतमय कार्यक्रम का भव्य आगाज होगा। इस आयोजन में स्थानीय व आमंत्रित कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीतों और भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को देश के बलिदानियों के गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराना है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने का आह्वान किया है।

# पीजी कॉलेज बालाघाट में जनजातीय उत्सव आयोजित

**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पी.एफ.सी. एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 24 एवं 25 फरवरी 2026 को दो दिवसीय जनजातीय उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जनजातीय समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराना तथा स्वरोजगार एवं कौशल विकास के प्रति प्रेरित करना रहा।



उत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा मिलेट्स (श्री अन्न) से निर्मित विभिन्न व्यंजन जैसे इडली, चाकोली, लड्डू, बिस्किट, केक, नानखटाई, सूप एवं पेज आदि तैयार कर स्टॉल लगाकर विक्रय किए गए। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों में उद्यमिता, स्वरोजगार एवं व्यावहारिक कौशल विकसित करने की भावना को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान निबंध, पेंटिंग, रंगोली एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन एवं पी.एफ.सी. प्रभारी डॉ. सीमा श्रीवास्तव के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डॉ. कंचन मसराम, डॉ. रचना कोरी, डॉ. आशा गोहे, प्रो. चित्रमाला भीमटे, प्रो. नाजली कुरैशी, डॉ. अल्का हिरकने एवं कु. प्रियांषू गौतम का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई। परिषद की प्रभारी श्रीमती बैजंती कटरे, श्री विजय सूर्यवंशी एवं अन्य मेंटर्स ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# माही शुक्ला समकालीन हिंदी साहित्य में उभरती हुई युवा कवियत्री

**नवभारत, बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले की खैरलांजी तहसील के छोटे से गांव पिंडकेपार की बेटी माही शुक्ला ऋषि आज समकालीन हिंदी साहित्य में उभरती हुई युवा कवित्री के रूप में अपनी पहचान बना रही है।

ग्रामीण परिवेश से निकलकर साहित्य के व्यापक मंच तक पहुंची माही की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही है पेशे से इंजीनियर और स्वभाव से संवेदनशील रचनाकार माही शुक्ला ने ग्वालियर स्थित माधव इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एम आई टी एस) से इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त की मात्रा 24 वर्ष की आयु में उन्होंने अपनी काव्य प्रतिभा से साहित्य प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया है (गांव की मिट्टी से जुड़ी संवेदनाएं) - ग्राम पिंडकेपार की सांस्कृतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि ने उनकी सोच और लेखनी को गहराई प्रदान की उनकी कविताओं में ग्रामीण जीवन सादगी मानवी संवेदनाएं और सामाजिक जागरूकता का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है माही का मानना है कि सशक्तिकरण का अर्थ अपनी जड़ों से दूर जाना नहीं बल्कि अपनी पहचान और संस्कारों को साथ लेकर आगे बढ़ाना है (पंख तेरे है आत्मविश्वास की प्रेरक कृति) -



माही शुक्ला ऋषि की प्रकाशित काव्य पुस्तक पंख तेरे हैं पाठकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है यह पुस्तक केवल कविताओं का संग्रह नहीं बल्कि आत्मविश्वास आत्मसम्मान और नारी शक्ति का प्रेरक संदेश देती है इस कृति में महिलाओं की आंतरिक शक्ति और आत्म पहचान को प्रमुखता से उभारा गया है लेखिका ने सशक्तिकरण को प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि स्वयं की क्षमता को पहचानने की प्रक्रिया बताया है (युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा) - सरल भाषा और गहन विचारों के कारण उनकी रचनाएं युवाओं में तेजी से लोकप्रिय हो रही है साहित्य प्रेमियों का मानना है कि इंजीनियर की तार्किक सोच और कवित्री के संवेदनशीलता का यह संगम उन्हें भविष्य के महत्वपूर्ण साहित्यिक हस्ती के रूप में दिखेगा छोटे से गांव पिडकेपार सहित पूरे बालाघाट जिले में माही शुक्ला ऋषि की उपलब्धि को गर्व के रूप में देखा जा रहा है ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर साहित्य के मंच पर पहचान बनाना यह दर्शाता है की प्रतिभा स्थान की मोहताज नहीं होती माही शुक्ला ने भेंट में बताया कि उनके माता-पिता का प्रोत्साहन ने आज उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है और वह अपने माता और पिता के राजनीतिक पृष्ठभूमि में आए दिन महिलाओं के उत्पीड़न की व्यथा बताने वालों को सुनती आई है उन्होंने नजदीक से महिलाओं की उत्पन्न पिड़ा की कहानी सुनी है और और यहीं से उन्हें इस क्षेत्र में जाने की प्रेरणा मिली आज वह शासन प्रशासन से गुहार लगाती है कि महिलाओं को उनका संपूर्ण सम्मान मिले महिलाएं पुरुषों के बराबरी में आ चुकी है उन्हें कहीं छोटा ना समझा जाए वे घर में मां बेटी पिता बहन आदि रिश्तें को भली भांति निभाती है लेकिन उसे आज भी वह सम्मान नहीं मिलता दिखाई देता तो कष्ट होता है उन्हें उनका सम्मान मिलना चाहिए और इस दिशा में मैं शासन प्रशासन से अपेक्षा करती हूं कि महिलाएं किसी से काम नहीं है उन्हें उनका सम्मान सदैव मिलना चाहिएं।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, पथराव के साथ की चाकूबाजी

**जबलपुर।** संजीवनी नगर अंतर्गत लाल बिल्डिंग क्षेत्र में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने पर हुआ विवाद इतना बढ़ा कि पत्थरबाजी और चाकूबाजी तक की नौबत आ गई, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुभाषनगर निवासी मोहित पटेल उर्फ भोला (28 ) अपनी ई-स्कूटी से लाल बिल्डिंग की ओर जा रहा था। मेडिकल की ओर से आ रहे बुलेट सवार दीपक बाल्मीकि और सूरज चक्रवर्ती ने उसे रोका और लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगाते हुए विवाद शुरू कर दी।

विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने मोहित को जमीन पर लिटाकर पत्थर से हमला किया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है। वहीं मेडिकल कॉलेज में उपचार करा रहे दूसरे पक्ष के दीपक बाल्मीकि (18) ने बताया कि वह अपने साथी सूरज चक्रवर्ती के साथ मंदिर से दर्शन कर लौट रहा था।

हनुमान मंदिर तिराहे के पास सामने से तेज रफ्तार स्कूटी लेकर आए मोहित पटेल ने उन्हें रोका और सूरज को चांटा मार दिया। मोहित ने अपने साथी से चाकू लिया और जान से मारने की नियत से उसके गले पर वार कर दिया। साथ ही दीपक ने मोहित पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित करने का भी आरोप लगाया है।

निरीक्षण

सर्वसुविधायुक्त स्विमिंग पूल में शावर के साथ टीटमेंट प्लांट वाटर की सुविधा करायी जा रही मुहैया

# स्वीमिंग पूल निर्माण कार्य का प्रदीप जायसवाल ने किया निरीक्षण

**नवभारत, वारासिवनी।** नगर मे बेसब्री से प्रतिक्षारत स्विमिंग पूल के तेज गति से निर्माण कार्य का आज पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने निरिक्षण किया। साथ ही कार्य एंजेसी से चर्चा कर कार्य को गुणवत्तापूर्वक समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश भी प्रदान किये।

निरिक्षण के पश्चात प्रदीप जायसवाल ने सवालो के जवाब मे कहा की मुख्यमंत्री शहरी अधोसरंचना चतुर्थ चरण मे यह कार्य लगभग एक करोड की राशी से कराया जा रहा है। 25 मीटर बाय 13 मीटर के इस सर्वसुविधायुक्त स्विमिंग पूल मे शावर, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था के साथ टीटमेंट प्लांट वाटर की सुविधा मुहैया करायी जा रही है। इस कार्य की समयावधि 6 माह निर्धारित कर दी गयी है।

इसी तरह गुडडा भैया ने जानकारी देते हुये बताया की पूर्ण रूप से खेलो के राष्ट्रीय मापदंडो के अनुरूप बनने वाले स्वींमीग पूल के लिये जिला स्तर पर जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र सुराना एवं भोपाल से कंसलटेंट एंजेसी जिसे स्वींमीग पूल बनाने का लंबा अनुभव है, उनसे से भी समय समय पर पूर्ण रूप से मार्गदर्शन लिया जा रहा है। साथ ही स्वींमींग पूल के पानी एवं उसके रखरखाव हेतू फील्डर प्लांट, ड्रेनेज सिस्टम भी अत्याधुनिक मशीनो के द्वारा किया जायेगा।



गुडडा भैया ने यह भी जानकारी देते हुये बताया की पूल मे बच्चो एवं बडो की लंबाई के अनुसार दो हिस्सो मे गहराईया अलग अलग रखी गयी है। चुकी यह ओलपिंक के मापदंडो के अनुसार बनाया जा रहा है। यहा आने वाली पीढि को प्रशिक्षित तैराक बनाकर प्रदेश एवं देश मे वारासिवनी का परचम लहराने के लिये नपा परिषद द्रढ संकल्पित नजर आ रही है।

निरिक्षण के दौरान कार्य एंजेसी से सर्वश्री बाबी परिहार, सुनील बंटी पारधी, अनिश मिश्रा ने गुडडा भैया को जानकारी देते हुये बताया की वर्तमान मे लगभग 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। कार्य मे आज ही ग्राउंड स्लैब के कार्य को पूर्ण किया जा चुका है। और पूर्ण कार्य समयसीमा के भीतर ही संपन्न कर दिया जायेगा।